an>

Title: Situation arising out of delay in commencement of work on National Highway No. 709 extension.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : अध्यक्ष महोदया, रोहतक से लेकर राजगढ़, चुरू डिस्ट्रिक्ट के अंदर नेशनल हाईवे एनएच 709 गुजरता है जो वर्ष 2012 में अवार्ड किया गया था। इस हाईवे की एनओसी भी राजस्थान सरकार ने 20 जुलाई, 2012 को दे दी थी। चार साल हो गए हैं लेकिन इस हाईवे की डीपीआर नहीं बनी है। एक कम्पनी को डीपीआर का काम दिया गया था, उस कम्पनी ने बीच में काम छोड़ दिया। इसे हम नेशनल हाईवे कहते हैं लेकिन इसकी तीन मीटर की चौड़ाई है। राजस्थान में चूंकि सैंड ड्यून्स बहुत ज्यादा हैं, इसलिए जिक-जैक वे में ये रोड है। यहां बहुत दुर्घटनाएं होती हैं। यह रास्ता पिलानी से राजगढ़ की तरफ आता है। पिलानी में बिरलाज़ के काफी इंस्टीट्यूशंस हैं। दूर-दराज से काफी बच्चे यहां आ कर पढ़ते हैं। यहां बहुत ज्यादा दुर्घटनाएं प्रतिदिन होती हैं।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि डीपीआर जल्दी से जल्दी बनवाई जाए और जो रोड़ का एलाइनमेंट चेंज किया गया है, उस एलाइनमेंट को भी जल्द पास किया जाए और इसकी मेंटेनेंस में जो मुश्किलें आ रही हैं, जब तक यह हाईवे न बने, तब तक इसकी मेंटेनेंस को नेशनल हाईवे का डिवीजन राजस्थान कम्प्लीट करे ताकि इस क्षेत्र के लोगों को इसका फायदा मिल सके।

माननीय अध्यक्ष :

कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल और

डॉ. मनोज राजोरिया को श्री राहुल कास्वां द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।